## लसूड़िया मोरी में नाले में बहे युवक का शव 12 घंटे बाद मिला

▶ अहीरखेड़ी में रपट पार करते समय बहा युवक अब भी लापता

नव भारत न्यूज

**इंदौर. लगातार हुई तेज बारिश के बीच शहर में अलग-अलग स्थानों पर पानी के तेज बहाव में दो युवकों के बहने की घटनाएं सामने आई. लसूड़िया मोरी क्षेत्र में नाले में बहे युवक का शव गुरुवार सुबह बरामद कर लिया, जबकि अहीरखेड़ी क्षेत्र में बहा युवक अब भी लापता है. पुलिस और राज्य आपदा आपातकालीन राहत बल की टीमें लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई हैं.**



लसूड़िया मोरी निवासी गोलू पिता आत्माराम पंवार उम्र 34 साल बुधवार रात करीब नौ बजे अपने पिता के लिए खाना लेकर जा रहा था. लगातार बारिश के कारण नाला उफान पर था. नाले के किनारे से गुजरते समय वह तेज बहाव की चपेट में आ गया और देखते ही देखते पानी में बह गया. सूचना मिलते ही पुलिस और राज्य आपदा आपातकालीन राहत बल की टीमें मौके पर पहुंची, लेकिन रात के अंधेरे और तेज बहाव के कारण सफलता नहीं मिल सकी. गुरुवार सुबह बचाव दल ने दोबारा तलाश शुरू की. करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गोलू का शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर पुल के नीचे कचरे में फंसा मिला. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया.

### 24 घंटे बाद भी नहीं मिला अहीरखेड़ी नाले में बहा युवक

दूसरा मामला अहीरखेड़ी क्षेत्र का है. यहां महेश चौहान अपने दोस्त मनीष के साथ पुल की रपट पार कर रहा था. इसी दौरान दोनों तेज बहाव की चपेट में आ गए. मनीष किसी तरह बाहर निकल आया, लेकिन महेश पानी में बह गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल ने रात से ही आसपास के क्षेत्र में तलाश शुरू कर दी. गुरुवार को भी पूरे दिन राहत एवं बचाव दल ने विभिन्न स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक महेश का कोई पता नहीं चल सका. पुलिस का कहना है कि पानी का बहाव कम होने के साथ-साथ तलाश का दायरा भी बढ़ाया जा रहा है. समाचार लिखे जाने तक तलाशी अभियान लगातार जारी है. मामले में पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश के लिए बचाव दल लगातार सर्च अभियान चला रहा है. पानी का बहाव कम होने के बाद भी खोजबीन जारी रहेगी.

## पुलिस ने 3 किलोमीटर पीछा कर बदमाश को दबोचा

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं. जब्त हथियार और कारतूस की कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई है.

देसी पिस्टल और दो कारतूस बरामद



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर राऊ थाना पुलिस संदिग्धों की चेकिंग के दौरान सिलिकॉन सिटी क्षेत्र में गश्त कर रही थी. जैन मंदिर के पीछे खाली मैदान के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया. पुलिस को देखते ही वह भागने लगा. लेकिन, पुलिस टीम ने करीब तीन किलोमीटर तक पीछा कर उसे दबोच लिया. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजय पिता भगत भावर उम्र 22 साल निवासी रंगवासा राऊ बताया. तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी पिस्टल मिली, जिसकी मैगजीन में दो जिंदा कारतूस रखे हुए थे. पुलिस ने पंचों की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कर हथियार और कारतूस जब्त किए तथा आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया. थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि उसने अवैध पिस्टल किससे और कहां से खरीदी थी. साथ ही उसके आपराधिक रिकॉर्ड और हथियार रखने के उद्देश्य की भी जांच की जा रही है.

## स्टार्ट नहीं हुई तो अपनी ही बाइक में लगा दी आग

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मालवा मिल क्षेत्र में शराब के नशे में धुत एक युवक को अपनी बाइक का स्टार्ट नहीं होना इतना नागवार गुजरा कि उसने गुस्से में आकर उसे लाइटर से आग लगा दी. सड़क पर धू-धूकर जलती बाइक से कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गई. गनीमत रही कि स्थानीय लोगों और पुलिस ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे आसपास खड़े अन्य वाहन आग की चपेट में आने से बच गए. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.**



बाइक चालू नहीं हुई तो उसने गुस्से में लाइटर निकालकर उसमें आग लगा दी और मौके से भाग निकला.

घटना मालवा मिल स्थित कलाली के सामने की है. एक युवक काफी देर तक बाइक स्टार्ट करने की कोशिश करता रहा. जब देखते ही देखते बाइक आग की लपटों में घिर गई. आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया. शुरुआत में लोगों को लगा कि किसी शरारती तत्व ने दूसरे व्यक्ति की बाइक में आग लगाई है, लेकिन पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ.

### आदतन नशे का आदी है आरोपी

जांच में सामने आया कि आग लगाने वाला व्यक्ति बाइक का मालिक ही था. पुलिस ने आरोपी की पहचान अनिल पिता नाथू बामनिया, निवासी जीवन की फैल, के रूप में की. उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो पता चला कि घटना के समय वह शराब के नशे में था. आरोपी आदतन नशे का आदी है और नशे की हालत में बाइक स्टार्ट नहीं होने की खुन्नस में उसने अपनी ही बाइक में आग लगा दी. मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

## ज्वेलरी शॉप से दिनदहाड़े आभूषण उड़ाने वाला बदमाश गिरफ्तार

▶ ढाई लाख रुपए का माल और वारदात में उपयोग मोटरसाइकिल जब्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कनाड़िया पुलिस ने दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप में खरीदारी के बहाने चोरी करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी दुकान से एक सोने की चेन और दो सोने की अंगूठियां चुराकर फरार हो गया था. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए सोने के आभूषण और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर ली है.**



घटना सोमवार 22 जून की शाम करीब पांच बजे वैभव नगर स्थित चंद्रिका ज्वेलर्स पर एक युवक बिना नंबर की शाइन मोटरसाइकिल से पहुंचा. उसने चेहरे पर काला मास्क और सिर पर लाल रंग की टोपी पहन रखी थी. दुकान में पहुंचकर उसने ज्वेलरी खरीदने की बात कही और दुकानदार से आभूषण दिखाने को कहा. दुकानदार जब उसे ज्वेलरी दिखाने में व्यस्त था, तभी आरोपी मौका पाकर एक सोने की चेन और दो सोने की अंगूठियां उठाकर बाइक से फरार हो गया था. घटना के बाद कनाड़िया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की.

सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों से धराया आरोपी-जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. फुटेज में आरोपी मास्क और टोपी पहनकर बिना नंबर की बाइक से आते और वारदात के बाद भागते हुए दिखाई दिया. इसके बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की. मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मुन्ना बारिया उम्र 25 साल निवासी ग्राम बोराली, जिला बड़वानी, हाल मुकाम कनाड़िया को हिरासत में लेकर पूछताछ की. पूछताछ में उसने चोरी की वारदात करना स्वीकार कर लिया.

### महंगे शौक पूरे करने के लिए दिया वारदात को अंजाम

आरोपी ने बताया कि उसने अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए इस घटना को अंजाम दिया था. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई एक सोने की चेन, दो सोने की अंगूठियां और वारदात में उपयोग शाइन मोटरसाइकिल बरामद कर ली है. आरोपी से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है. मामले की जांच जारी है. मामले में थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है.

एक नजर में

### डॉ. कनक पटेरिया के महिला सशक्तिकरण अभियान की गुजरात में सराहना



महू. गांधीनगर (गुजरात) में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं राष्ट्रीय गौरव सम्मान समारोह में डॉ. कनक राजेश पटेरिया (महू) के नेतृत्व में इंदौर की महिलाओं द्वारा निर्मित कपड़े की थैली गुजरात विधानसभा के उपाध्यक्ष पूर्णेश मोदी को भेंट की गई. इस अवसर पर पूर्णेश मोदी ने महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए डॉ. कनक पटेरिया द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की. डॉ. पटेरिया ने बताया कि उनका लक्ष्य एक लाख महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है. कार्यक्रम में महिलाओं के इस प्रयास को विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल बताया गया.

### वंशिता ने शूटिंग में जीते 3 मेडल, विजयवर्गीय ने किया सम्मानित




महू. डेली कॉलेज इंदौर में आयोजित जिला स्तरीय शूटिंग स्पर्धा में महू के गवली पलासिया की 13 वर्षीय वंशिता पाटीदार ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए तीन मेडल अपने नाम किए. वंशिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया. वंशिता सुपुत्री जीवन नारोलिया पाटीदार को 10 मीटर एयर राइफल पीपी साइट के सब-यूथ वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक गोल्ड मेडल मिला. इसके साथ ही उन्होंने स्कूल कैटेगरी के 10 मीटर इवेंट में एक सिल्वर और एक कांस्य ब्रॉन्ज पदक भी हासिल किया. प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विजेताओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की. वंशिका की इस बड़ी उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों और समाज में हर्ष का माहौल है. सरदार पटेल युवा संगठन के जिला अध्यक्ष कमलेश बिंदु पाटीदार, ग्रामीण अध्यक्ष रवि पाटीदार, जितेंद्र पाटीदार, राकेश पाटीदार और महेंद्र कोटवाल आदि ने बधाई देते हुए इसे देश स्तर पर पहचान बनाने की दिशा में पहला कदम बताया.

### विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन का शुभारंभ



महू. ग्रामीण गरीब परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और महिलाओं को आत्मनिर्भर करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत डॉ. अंबेडकर नगर में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी योजना) का भव्य शुभारंभ हुआ. विधायक सुश्री उषा ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूहों की महिलाएं, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए. जनपद पंचायत सीईओ गिरिराज दुबे ने मिशन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाएगी. इसके साथ ही श्रमिकों को प्रति मानव दिवस 300 रुपये का पारिश्रमिक मजदूरी दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस मिशन का मूल उद्देश्य कौशल विकास, स्वरोजगार और स्व-सहायता समूहों को मजबूत कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देना है. जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय ने भी इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जनपद की प्रतिबद्धता दोहराई. मुख्य अतिथि सुश्री उषा ठाकुर ने अपने प्रेरक उद्बोधन में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हमारे गांव आत्मनिर्भर बनेंगे. उन्होंने स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर सफल उद्यमी बनने की अपील की.

### स्कॉर्पियो ने स्कूटर सवार दंपती को मारी टक्कर, महिला घायल

इंदौर. संयोगितागंज थाना क्षेत्र में हॉट बाजार स्थित इंदिरा प्रतिमा के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से जुपिटर सवार दंपती सड़क पर गिर गए. हादसे में महिला घायल हो गई. पुलिस ने स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी केपी यादव ने बताया कि फरियादी जितेंद्र यादव ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है कि स्कॉर्पियो एमपी 09 जेडयू 0023 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी जुपिटर को टक्कर मार दी. हादसे में वह और उनकी पत्नी सुमन यादव सड़क पर गिर गए, जिससे सुमन के दाएं हाथ और कंधे में चोट आई, पुलिस मामले में जांच कर रही है.

## इवेंट मैनेजर, ग्राफिक डिजाइनर समेत 4 युवक एमडी ड्रग्स के साथ धराए

▶ लेडीज सूट और टायर व्यापारी भी कर रहे थे ड्रग्स की तस्करी

▶ थार में बने गुप्त बॉक्स में छिपाकर लाई जा रही थी 23 ग्राम एमडी

नव भारत न्यूज

इंदौर. क्राइम ब्रांच ने शहर में एमडी ड्रग्स की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार युवकों को 23 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में एक इवेंट मैनेजर, ग्राफिक डिजाइनर, लेडीज सूट का कारोबारी और टायर व्यापारी शामिल हैं. आरोपी देवास के एक तस्कर से एमडी खरीदकर थार वाहन में बने गुप्त बॉक्स में छिपाकर इंदौर लेकर आए थे. पुलिस अब ड्रग्स सप्लाई करने वाले मुख्य तस्कर की तलाश में जुटी है.



क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सफेद रंग की एक थार में कुछ युवक एमडी ड्रग्स लेकर शहर में आने वाले है. सूचना के आधार पर टीम ने स्कीम नंबर 134 क्षेत्र में घेराबंदी कर वाहन को रोका. तलाशी के दौरान गाड़ी के अंदर चश्मा रखने के लिए बनाए गए गुप्त बॉक्स से 23 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई. पूछताछ में आरोपियों की पहचान फरहान शेख निवासी खिजराबाद, अतीक उर्फ तौफिक खान, अमन खान और फरहान खान, तीनों निवासी जूना रिसाला, के रूप में हुई. इनमें एक लेडीज सूट का कारोबारी, एक इवेंट मैनेजर, एक टायर व्यापारी और एक ग्राफिक डिजाइनर है.

### देवास के तस्कर से खरीदकर इंदौर लाने की बात कबूली

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे नशे के आदी हैं और देवास के एक तस्कर से एमडी ड्रग्स खरीदकर इंदौर लाए थे. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एमडी ड्रग्स और थार वाहन जब्त कर लिया है. मामले में आगे की पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ड्रग्स की सप्लाई शहर में किन लोगों तक की जानी थी और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोग कौन हैं. देवास के फरार तस्कर की तलाश भी शुरू कर दी गई है. मामले में डीसीपी क्राइम राजेशकुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को 23 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है. प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि ड्रग्स देवास के एक तस्कर से खरीदी गई थी, मुख्य सप्लायर और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है.

## बच्ची से अश्लील हरकत करने वाले दुकानदार को 5 साल की सजा

▶ दुकान पर सामान लेने आने पर करता था छेड़खानी,

नव भारत न्यूज

**इंदौर. घर के पास स्थित दुकान पर सामान लेने गई 7 वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी दुकानदार को विशेष पॉक्सो न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. न्यायालय ने आरोपी पर 15 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है. करीब ढाई वर्ष पुराने इस मामले में अभियोजन पक्ष ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोप साबित किए.**

अभियोजन के अनुसार मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र का है. वर्ष 2023 में बच्ची की मां ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी सात वर्षीय बेटी ने बताया कि घर के पास स्थित एक दुकान पर सामान लेने जाने के दौरान दुकानदार उसे गोद में बैठाकर अश्लील हरकत करता था. आरोपी उसे यह कहकर डराता था कि यदि उसने किसी को इस बारे में बताया तो उसके माता पिता उसे डांटेंगे. डर के कारण बच्ची काफी समय तक चुप रही, लेकिन बाद में उसने अपनी मां को पूरी घटना बताई. बच्ची ने यह भी बताया कि दो अक्टूबर 2023 को भी आरोपी ने उसके साथ इसी तरह की हरकत की थी. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की. पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया, गवाहों के बयान दर्ज किए गए और आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना पूरी होने पर न्यायालय में चालान पेश किया.

### विशेष पॉक्सो न्यायालय ने सुनाया फैसला, अर्थदंड भी किया

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ आरोप सिद्ध किए. सुनवाई पूरी होने के बाद विशेष पॉक्सो न्यायालय ने आरोपी सुमित जैन उम्र 28 साल को दोषी करार देते हुए पॉक्सो अधिनियम के तहत पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई. इसके अलावा अश्लील हरकत के अपराध में तीन वर्ष के सश्रम कारावास तथा 15 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया. प्रभारी उप संचालक अभियोजन राजेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि विशेष पॉक्सो न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को स्वीकार करते हुए आरोपी को दोषी ठहराया. मामले में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सतीश वर्मा ने की.

## रेलवे स्टेशन से लोको पायलट की बाइक चोरी

इंदौर. जीआरपी थाना इंदौर में लोको पायलट की बाइक चोरी का मामला दर्ज किया है. खुड़ैल निवासी शुभम प्रजापत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रेलवे स्टेशन इंदौर में लोको पायलट के पद पर पदस्थ है. सोमवार को उसने अपनी होंडा शाइन बाइक एमपी 09 वीबी-2949 पीएफ 4 और रनिंग रूम के बीच खड़ी कर ड्यूटी पर चला गया था. मंगलवार को लौटने पर बाइक गायब मिली. वहीं प्रयागराज एक्सप्रेस में मोबाइल चोरी की घटना में जीआरपी इंदौर ने शून्य पर अपराध दर्ज कर डायरी जीआरपी प्रयागराज भेजी है. इंदौर निवासी लता गौड़ ने बताया कि वह प्रयागराज से इंदौर आने के दौरान ट्रेन के एस 7 कोच में सफर कर रही थीं. वॉशरूम जाने से पहले उन्होंने अपना ओप्पो मोबाइल सीट पर रखा था, लौटने पर मोबाइल गायब मिला. घटना प्रयागराज क्षेत्र की होने से प्रकरण वहां प्रकरण वहां भेज दिया है.

### सूने मकान से दो लाख की चोरी

इंदौर. सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र के जवाहर मार्ग स्थित एक मकान में अज्ञात बदमाश ने ताला तोड़कर करीब दो लाख रुपए की नकदी और जेवर चोरी कर लिए. फरियादी मुस्तफा लोखंडवाला की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी रविन्द्र पाराशर ने बताया कि बदमाश घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा और लॉकर से चार पुरानी सोने की चूड़ियां, एक सोने की अंगूठी तथा 25 हजार रुपए नकद चोरी कर फरार हो गया. चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब दो लाख रुपए बताई गई है.

एक नजर में ▶ गंदगी और दुर्गंध की समस्या से जूझ रहे टापू नगर के रहवासी, कई बार शिकायत की, पर समस्या यथावत

## बैक लाइन में गंदगी का अंबार और सीवरेज लाइन चोक

### रहवासियों का कहना...



घरों के पीछे बनी गली में गंदगी साफ करने के लिए सफाई कर्मी सुनते ही नहीं हैं, इसकी वजह से कई तरह की बीमारियां हो रही हैं. गली से आने वाली दुर्गंध से भी परेशानी होती है.


**- सिंधु बाई**



उन्होंने आश्वासन भी दिया था, लेकिन ना सफाई हुई ना वह पलटकर आए. सफाई कर्मी भी नहीं आए.

**- अशोक जाधव**

गंदगी से बहुत परेशानी होती है. सफाई के लिए दरोगा को बोला था,



न बेक लाइन साफ होती है ना चेंबर साफ करते हैं, सड़कों पर गंदगी फैली रहती है, जिससे मच्छर-मक्खी बहुत हो रहे हैं. अब बरसात में और परेशानी बढ़ेगी.

**- किशन राव काले**



चेंबर चौक होने के कारण गंदा पानी घरों में वापस आ रहा है. सफाई कर्मी को हमेशा सौ-पचास रुपए देना पड़ते हैं, वरना वो चेम्बर की सफाई ही नहीं करते.

**- पुष्पा यादव**

**इंदौर. स्वच्छता में लगातार अव्वल रहने वाले शहर इंदौर में नगर निगम की लापरवाही के चलते कई क्षेत्रों के रहवासी आज भी बैक लाइन और सीवरेज चोक होने की समस्या से जूझ रहे हैं, गंदगी और दुर्गंध ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है.**



मामला मिल क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 56 स्थित टापू नगर का है. क्षेत्र में घरों के पीछे बनी बैक लाइनों में गंदगी का अंबार और कई स्थानों पर सीवरेज चेंबर ओवरफ्लो होते देखे जा सकते हैं. रहवासियों के अनुसार, नियमित सफाई नहीं होने से बैक लाइनें चोक हो गई हैं. कई बार चेंबर ओवरफ्लो होने पर उसकी समुचित सफाई करने के बजाय उसे क्षतिग्रस्त कर आउटलेट बना दिया जाता है, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बहने लगता है. क्षेत्र में फैली दुर्गंध के साथ मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है. रहवासियों का यह भी आरोप है कि सफाई कार्य में लापरवाही बरती जाती है तथा सफाई करने के एवज में पैसे की मांग की जाती है. क्षेत्रवासियों द्वारा संबंधित अधिकारियों और क्षेत्रीय पार्षद से शिकायत के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ. ऐसे में सवाल उठता है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही आखिर कब तय होगी.